also depend on thern to discharge it as best as they could.

DR. K. MATHEW KURIAN : Please allow me to make one interruption. The suggestion by Mr. Niren Ghosh was not for this particular incident only. An all-Party parliamentry committee could look into the whole question of running of the coalmines on the nationalised pattern in view of the fact that coal is the most precious material today.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY): That question he has already dealt with.

SHRI T. A. PAI: This is quite a different suggestion. I would certainly like to be advised by any Member, in any part of the House. 1 am sure most of tbem who have been connected with the coal industry in one capacity or the other might be able to advise me much more intimately but whether a committee should be constituted for this purpose I shall certainly take it into consideration and come to a decision.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY): Next business. Shri Nawal Kishore

MOTION RE: TWENTIETH REPORT OF THE COMMISSIONER FOR SCHEDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES FOR THE YEAR 1970-71—contd.

SHRl NAWAL KISHORE (Uttar Pradesh) : Shri Mirdha wants to say something.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY): Yes. Mr. Mirdha.

SHRI RAM NIWAS MIRDHA : Madam, Shri Kumbhare during his speech mentioned about the action-taken statement on this Report. So, with your permission, I would like to inform him and the" other Members of this House that five copies of the action taken statement on the Twentieth Report have been placed in the Parliament Library.

श्री नवल किशोर (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदया, मुझे इस बात की बड़ी तकलीफ है कि आज हिन्दुस्तान की आजादी के 26 साल के बाद भी शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के संबंध में इस हाउस को, इस सदन को वाद-विवाद करने की जरूरत पड़ आई है। हम यह समझते थे कि देश की आजादी के बाद, जब हमारा संविधान बना, देश इतनी तेजी से आगे बढ़ेगा कि छुआछूत और ऊंच नीच का जो भाव हमारे समाज में है, जो सदियों से कोढ़ की तरह हमारे समाज को ग्रसित करता रहा है, यह खत्म हो जाएगा, जो आर्थिक विषमताएं हैं, वे भी बहुत हद तक समाप्त हो जाएंगी, मगर आज 26 साल के बाद यद्यपि यह सही है इस बीच में काफी काम हुए हैं, यह मैं नहीं कहता, नहीं हुआ है, लेकिन फिर भी आज की स्थिति में जिस हद तक सुधार हम चाहते थे उस हद तक सुधार नहीं हुआ है। मिर्धा साहब जब अपनी बात कह रहे थे, उन्होंने कहा कि हमने प्रि-एग्जामिनेशन ट्रेनिंग सेन्टर्स बनाए हैं, यह अच्छी बात है, उसके लिए मैं उनको बधाई भी देता हूं। यह भी उन्होंने बताया कि आई० ए० एस० और आई० एफ० एस० और जो सेन्ट्रल क्लास वन् सर्विसेज हैं उनमें करीब-करीब जो शेड्यूल्ड कास्ट्स शेड्यूल्ड ट्राईब्स का जो कोटा है रिजर्वेशन का, संरक्षण का वह पूरा हो चुका है। मगर मैं एक बात जानना चाहता हूं मिर्धा साहब से—क्लास वन् की बात ठीक है—मगर यह जो क्लास 3 और क्लास 4 जिसको कहते हैं, जो ग्रेड थ्री और ग्रेड फोर के एम्प्लाइज हैं, उनके बारे में स्थिति क्या है? क्योंकि 26 साल से, एक जमाने से मांग आती थी, पहले से भी इस बात की मांग थी—और मैं समझता हूं, इसमें तथ्य भी था; क्योंकि हमारा भी एडमिनिस्ट्रेशन का थोड़ा बहुत अनुभव है—कि जो हायर सर्विसेज थीं, उनके बारे में कहा

[श्री नवल किशोर]

जाता था कि उनके अन्दर अच्छे कैन्डिडेट्स नहीं मिलते, लेकिन जो छोटी सर्विसेज हैं। जैसे कि आपके रेलवेज में एम्प्लाइज होते हैं, आपके पब्लिक सेक्टर में होते हैं, जहां कोई ख़ास स्पेशल योग्यताएं या क्वालिफिकेशन्स की आवश्यकता नहीं होती है, वहां उनका कोटा पूरा क्यों नहीं होता? क्यों यह चीज एक जमाने से चली आती है, हालांकि मैं आपको यह बताऊं कि करीब-करीब 9 करोड़ से ज्यादा की तादाद हमारे देश में हरिजनों की, शेड्यूल्ड कास्ट्स एण्ड ट्राइब्स की है, इस तरह से उनमें 2—4 हजार आदमियों को आप एब्जार्ब कर भी दें, तो भी मैं नहीं समझता उससे उनकी जनरल आर्थिक स्थिति सम्भल जाएगी। मैं नहीं जानता मिर्धा साहब का क्या विचार है, लेकिन मुझे तो यह भी लगता है यह जो रिजर्वेशन है यह एक स्पून-फीडिंग है। मैं नहीं जानता मेरे दोस्तों के ख़यालात क्या हैं, लेकिन फिर भी आन् द पौइन्ट आफ नाट बीइन्ग मिस्-अन्डरस्टुड, मैं यह कहना चाहता हूं कि मेरी यह फीलिंग है कि यह जो आपका कांटिन्युएशन है—रिजर्वेशन आप रखिए—मैं इसके अगेन्स्ट नहीं हूं, लेकिन इसमें उनमें कोई स्वावलम्बन की भावना तेजी से पैदा हो, मुझे इसके अंदर भी शक है, क्योंकि मुझे ऐसा लगता है कि यह आपका रिजर्वेशन भी आहिस्ता-आहिस्ता व्हेस्टेड इन्टरेस्ट बनता जाता है। मिर्धा साहब को मैं याद दिलाऊं कि जिस समय मैंने निगाह डाली दो-चार दफा, अपने स्टेट में भी और अपने स्टेट के बाहर भी, तो मुझे लगा कि कुछ ऐसी फैमिलीज हैं जो कुछ पहले जमाने में आगे आ गईं, जैसे कुछ एक फैमिलीज या तो एम०पीज हैं या एम० एल० एज हैं, दूसरे वह कि जो लड़के आई० ए० एस० में आ गए, उनके बारे में क्या मिर्धा साहब मेरे दोस्तों की राय जान कर यह कोशिश करेंगे कि आई० ए० एस० में आने के बाद कम से कम उस आदमी को डि-शेड्यूल्ड कर दिया जाए, क्योंकि कोई जस्टिफिकेशन नहीं है जब एक आदमी टॉप के ऊपर आ गया तब भी पुरानी श्रेणी में रह जाए। मुझे कभी-कभी अजीब सी बात लगती है कि एक गरीब ब्राह्मण का बेटा फीस नहीं मांग सकता, लेकिन एक सेन्टर के मिनिस्टर के बेटे की फीस माफ होगी। क्यों माफ होगी? तो मैंने केवल संकेत मात्र यह बात कही कि कम से कम जो लोग समाज के ऊपर उठ कर आ जाएं, जो क्लास एक या दो की सर्विस में आ जाएं, उनको कम से कम आहिस्ता-आहिस्ता डि-शेड्यूल्ड कर दीजिये ताकि वे भी समाज में इंटिग्रेट हो सकें। हालांकि मैं यह बात मानता हूं कि इसमें आपको दिक्कत पड़ेगी, लेकिन मैंने इशारा कर दिया है।

आपने बजीफे की बात कही कि हम 70 करोड़ रुपये से भी ज्यादा रुपया इसमें लगाना चाहते हैं, तो यह एक अच्छी बात है। जो छोटा तबका है अगर उसको आगे बढ़ाते हैं तो यह एक अच्छी बात है। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि जो बैकवर्ड क्लास है उसको भी हमें हर तरह की सहायता करनी चाहिये, क्योंकि बैकवर्ड कोई किसी जाति से नहीं होता है। मेरा तो कहना यह है कि हमारे समाज में जो गरीब तबका है, उनको भी बजीफा दिया जाना चाहिये ताकि वे भी समाज में अपने को ऊंचा उठा सकें।

आपने बताया कि ट्राइबल्स के लिए ब्लाक बनाये जायेंगे। यह बात ठीक है और मैं इस बात की डिटेल में जाना नहीं चाहता हूं। एक बात आप देखिये और वह आपकी किताब में भी है। प्लानिंग कमीशन ने यह माना है कि 44 प्रतिशत आबादी हिन्दुस्तान की ऐसी है जो अपना जीवन नीचे स्तर पर काट रही है। क्या आपने पता लगाया कि शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्स में से कितने प्रतिशत लोग ऐसे आते हैं? मेरा तो अपना यह ख्याल है कि मेजारिटी शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्स वालों की होगी। तो मैं यह जानना चाहता हूं कि आप इस तरह के लोगों के लिए क्या कर रहे हैं?

हमारे देश म 1 करोड़ 27 हजार आर्गनाइज्ड लेबर है और इनकी तादाद इतनी है कि वे

ट्रेन बन्द कर सकते हैं, कारखाने बन्द कर सकते हैं और अस्पताल बन्द कर सकते हैं। आप इन लोगों की तनख्वाह तो बढ़ाते ही चले जा रहे हैं, मगर जो भूमिहीन किसान हैं, जो भूमिहीन मजदूर है, जिनकी तादाद बहुत ज्यादा है, जिनमें शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों की तादाद बहुत ज्यादा है, जिनकी कोई संगठित यूनियन नहीं है, न कोई आर्गनाइजेशन ही है, उनको मिनिमम वेजेज देने के बारे में आपने अभी तक कुछ नहीं किया है, न उनकी वेज फिक्स की है और जो कुछ भी उनके लिए किया गया है, उसको आप अच्छी तरह से इम्पलीमेंट नहीं कर पाये हैं।

श्री मिर्धा साहब एक योग्य व्यक्ति हैं, मेरे दोस्त है, लेकिन उनकी याद-दिहानी के लिए में फिर उनका ध्यान खींचना चाहता हूं।

SHRI N. H. KUMBHARE:To refresh their memory.

SHRI NAWAL KISHORE: Article 3S says :

"The State shall strive to promote the welfare of the people by securing and protecting as effectively as it may a social order in which justice social, economic and political, shall inform all the institutions of the national life."

मैं मिर्धा साहब से एक बात कहना चाहता हूं कि आपने विधान में इस तरह की व्यवस्था की है कि जिनकी उम्र 21 वर्ष की है वे वोट दे सकते हैं। मैं उत्तर प्रदेश की बात जानता हूं। मैं उन क्षेत्रों का नाम नहीं लूंगा, लेकिन कई क्षेत्र ऐसे हैं, कई कम्युनिटीज ऐसी हैं, जिनका मैं यहां पर नाम नहीं लेना चाहता हूं; क्योंकि मिर्धा साहब भी इस चीज को अच्छी तरह से जानते हैं कि वहां पर हरिजनों को आजादी के साथ वोट डालने नहीं देते हैं। वहां पर हरिजनों को आतंकित किया जाता है, जिससे कि वे अपने वोट का प्रयोग न कर सकें। उन लोगों को इस तरह से पोलिटिकल अधिकार होते हुए भी उस अधिकार को इस्तेमाल करने का कोई साधन नहीं है और न ही आपने अभी तक इस तरह के लोगों के लिए कोई व्यवस्था की है। आर्थिक स्थिति भी उन लोगों की अभी तक वैसी ही है जैसे कि पहिले थी और उन्हें अभी तक गन्दगी के कामों को करने से छुटकारा नहीं मिला है।

इसके बाद मैं आर्टिकल 39 (ए) में आता हूं।

"That the citizens, men and women equally have the right to an adequate means of livelihood."'

सेक्शन 32, 34 और 35 में जहां पर मिनिमम नैसेसिटीज की बात कही है उसको आपने 1975 तक बढ़ा दिया है। पहिले ही से इन लोगों के लिए मिनिमम नैसेसिटीज की व्यवस्था थी और अब आपने 10 साल और बढ़ा दिया है।

अब आप 'ई' में देखें —

"That the health and strength of workers, men and women, and the tender age of children are not abused and that citizens are not forced by economic necessity to enter avocations unsuited to their age."

'एफ' में यह कहा गया है—

"That childhood and youth are protected against exploitation and against moral and material abandonment."

आप घरों में देखते हैं कि जो घरेलू नौकर हैं, वे छोटी उम्र के होते है। 12-14 साल के होते हैं और वे ज्यादातर शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के ही होते हैं, मगर इन लोगों के लिए कोई कानूनी व्यवस्था नहीं है। आपने सरकस में जो लेडीज काम करती हैं, उनको मैटर्निटी बैनीफिट तो दे दिया है। इस बारे में मुझे कोई शिकायत नहीं है और यह आपने एक अच्छा काम किया है। लेकिन मैं यह कहना

चाहता हूं कि जो औरतें खेतों में काम करती हैं, उनके लिए आपने मैटर्निटी बैनीफिट के लिए क्या व्यवस्था की है ? आज हमें स्वतंत्र हुए 26 साल हो गये हैं और मैं इस बात की ओर मिर्धा जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं ।

"41. The State shall, within the limits of its economic capacity and development, make effective provision for securing the right to work, to education ana to public assistance in cases of unemployment, old age sickness and disablement, and in other cases of undeserved want "

आपने ओल्ड एज पेंशन तो कर दी है । हर स्टेट के अन्दर है या नहीं, यू० पी० के अन्दर तो है 75 साल से ऊपर वालों के लिए । आपने एजूकेशन की बात कही है । कम्पलसरी एजूकेशन शेड्यूल्ड कास्ट्स एंड ट्राइब्स के लिए भी नहीं है, औरों की बात तो छोड़ दें । 42 में कहा गया है ।

"42. The State shall make provision for securing just and humane conditions of work and for maternity relief."

'ह्यूमैन कन्डीशन्स' में किस तरह काम किया जा रहा है। मैंने इन आर्टिकल्स को इसलिए कोट किया चूंकि इनका बहुत बड़ा वास्ता है शेड्यूल्ड कास्ट्स एंड ट्राइब्स से; क्योंकि वे वीकर सेक्शन हैं। आर्टिकल 46 और 47 पढ़ने के बाद मैं दूसरी बातें कहूंगा।

"46. The State shall promote with special care the educational and economic interests of the weaker sections of the people, and. in particular, of the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes, and shall protect them from social injustice and all forms of exploitation.

47. The State shall regard the raising of the level of nutrition and the standard of living of its people and the improvement of public health as among its primary duties and, in particular, the State shall endeavour to bring about prohibition of the consumption except for medicinal purposes of intoxicating drinks and of drugs which are. injurious to health."

मिर्धा साहब, मुझे बड़ा अफसोस है, शायद आप भी नहीं पीते, मैं भी नहीं पीता, लेकिन महाराष्ट्र में जहां गांधी जी पैदा हुए थे—उस समय महाराष्ट्र और गुजरात एक था—हमने प्राहिबिशन को खत्म कर दिया, 21 साल के हर बालिग को यह हक है कि उसको शराब पीने का परमिट मिल सकता है, लेकिन बदकिस्मती से—कुम्बारे साहब मुझे माफ करेंगे—यह शौक आज हर आदमी में बढ़ गया है और इसका सबसे ज्यादा असर उन छोटे भाइयों पर पड़ता है जिनकी आमदनी कम है, जिनमें शेड्यूल्ड कास्ट्स एंड शेड्यूल्ड ट्राइब्स के भाई काफी शामिल हैं। कुछ दिनों के बाद तो शायद गांधी जी का नाम लेना भी प्रतिक्रियावाद का एक सबूत हो जाएगा इस देश के अन्दर। खादी तो आपने खत्म कर दी। मिर्धा साहब, आप तो खादी पहनते हैं, लेकिन आपके मिनिस्टर खादी पहनने वाले नहीं हैं सेन्ट्रल केबिनेट में। मुझे बड़ी खुशी हुई जब आपकी वर्किंग कमेटी में एक प्रपोजल आया था—पता नहीं प्राइम मिनिस्टर ने उसे क्यों नहीं स्वीकार किया—जिसमें यह था कि खादी खत्म कर दी जाय और शराब पीने की छूट दे दी जाय। मैंने कहा बढ़िया, गांधी जी की सच्ची प्रतिनिधि कांग्रेस अब बनने वाली है । यह हालत हो गई है।

अब देखिए 'एट्रासिटीज आन हरिजन्स" । आप गुजरात को लें, आन्ध्र को लें, बिहार को लें, आप यू० पी० को लें—यू० पी० बांदा जिला तो इस काम के लिए मशहूर हो गया है—आप हरियाणा को लें, हर जगह से शिकायत आती है कि हरिजन भाइयों पर जुल्म होता है, अत्याचार होता है । इसके माने यह हैं कि बावजूद हमारी और आपकी कोशिश के समाज में वह इन्टीग्रेशन और वह भावना उन कमजोर व्यक्तियों के प्रति हम पैदा नहीं कर सके, जो करनी चाहिए थी । मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह सब काम गवर्नमेंट ही करेगी, मगर जनमत अभी तक तैयार नहीं हो पाया और उसकी जिम्मेदारी आपके प्रति भी बहुत हद तक है ।

अब आप लैंड सीलिंग की बात। आपने कानून बनाया, अच्छा कानून बनाया। हमने भी कानून बनाया उत्तर प्रदेश में जब 40 एकड़ की सीलिंग कर दी थी, मगर आपको ताज्जुब होगा कि 40 एकड़ की सीलिंग के बाद भी शायद ही कोई गांव ऐसा होगा, जिसमें किसी हरिजन को जमीन मिली होगी, वरना प्रधान जी के भाई भतीजों के नाम ही जमीन बंट गई। अब आपने सीलिंग 18 और 27 एकड़ कर दी। मिर्धा साहब, आपके पास इतना बड़ा पुलिस का महकमा है, अपने जमाने में इतना तो कर जाइए कि कम से कम गवर्नमेंट की पोलिसी के मुताबिक जो सरप्लस जमीनें हैं उनको हरिजन भाइयों को दिलवा दें। मैं एक बात कहना चाहता हूं आपकी आज्ञा से, मैं किसी मिनिस्टर का नाम नहीं लेता, मैं भी गया था बुलन्दशहर, चाहे न हमारी पार्टी के हों या आपकी पार्टी के हों, जितने होशियार मिनिस्टर, एम० पी० और एम० एल० ए० थे उन सबने अपनी जमीनों के बेनामी ट्रांजेक्शन कर दिए। आप जाइए बुलन्दशहर के अन्दर जो बड़े-बड़े जमींदार थे, जिन्होंने कांग्रेस की आजादी की जंग को बुरी तरह पिटवाया था वे आज बड़ी-बड़ी कुर्सियों पर बैठे हैं और आपकी नीतियों का पालन नहीं करते हैं। तो आप यह जमीन कहां से देंगे ? मैं धन्यवाद देता हूं अपने भाई कुम्भारे जी को, उन्होंने एक बात कही कि वह चाहते हैं कि प्रमोशंस में लोगों को हताश न होना पड़े। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि वे योग्य व्यक्तियों को प्रमोशन दिलाना चाहते हैं। अयोग्य व्यक्तियों की वह हिमायत नहीं करते हैं। मैं उनकी ताईद करता हूं और उन्हीं के शब्दों को दूसरे शब्दों में कहना चाहता हूं कि प्रमोशन मैरिट और सीनियोरिटी दोनों चीजों को कंबाइन करके होना चाहिए। वहां भी आपने गड़बड़ की तो वहां भी दिक्कतें पैदा हो जायेंगी।

उन्होंने एक मांग की कि जुडिशियल अथारिटी बनाई जाए इंडिविजुअल ग्रिवांसेज को दूर करने के लिए, उनकी यह बात मेरी समझ में नहीं आई, इसलिए कि उसमें काफी दिक्कतें होंगी। लेकिन इतनी बात सही है कि तहसील लेवल पर, डिस्ट्रिक्ट लेवल पर ऐसी एजेन्सी होनी चाहिए जो इंडिविजुल ज्यादतियों को देखे और उनको दूर करने के लिए काम करे।

यह बात सही है कि अनटचेबिलिटी के बारे में लोगों में कुछ कांसियसनैस पैदा हुई है। लेकिन आज भी आप इंटीरियर में जाइये, गांवों में जाइये वहां शेड्यूल्ड कास्टस और शेडयूल्ड ट्राइब्स के आदमी—मैं नहीं जानता मिर्धा साहब अगर मैं कहूं कि कुछ ऐसी व्याधियां हैं जहां—आज भी चौधरी साहबान के साथ हरिजन भाई कुर्सी पर बैठ नहीं सकता है, बैठेगा तो उसे अपनी चांद मजबूत करनी पड़ेगी। मैं आपकी भी दिक्कत जानता हूं, आप चाहें कि कानून से इसे दूर कर दें तो वह भी नहीं कर पायेंगे। आज शहरों में तो थोड़ी जागृति इस बारे में हुई है, किन्तु बैकवर्ड एरियाज में, इंटीरियर गांवों में जागृति नहीं हुई है।

मुझे इस बात की तकलीफ होती है कि आज 26 साल के बाद भी ऐसे क्षेत्र मौजूद हैं, जहां लोगों को पीने का पानी नसीब नहीं होता और खास तौर से आज भी हरिजन भाइयों की बहुत कम हिम्मत है कि वह गांव के हर कुएं से पानी भर सकें। 26 साल के बाद भी हम उन्हें पानी नहीं पिला सके।

मेरे भाई ने इंटर-कास्ट शादी की बात कही। आइडिया मिर्धा साहब बहुत अच्छा है, आइडिया का जहां तक ताल्लुक है, मैं उसको बड़ा एप्रिशियेट करता हूं, मगर समाज की जो स्थिति है वह इंटर कास्ट मैरिजेज समाज में बाई फोर्स नहीं हो पाएगी, क्योंकि और भी कम्युनिटिज में बाई फोर्स नहीं हो पाती। मिर्धा साहब मैं एक बात आप से कहूं कि अनटचेबिलिटी अमंग दि अनटचेबल्स आज है। मैंने गांव में एक बार यह कोशिश की कि बाल्मीकी भाइयों से सबको चाय पिलवा दूं, लेकिन 80 परसेंट जाटव भाई वहां से खिसक गये। तो यह अनटचेबिलिटी केवल हाइ-कास्ट्स में ही नहीं है, बल्कि लोवर कास्ट्स में भी है।

श्री मान सिंह वर्मा : आपने जो अंतर्जातीय विवाह की बात कही, उसको मैंने बाई फोर्स नहीं कहा है। मैंने कहा कि उसको प्रोत्साहन मिलना चाहिए।

श्री नवल किशोर : मैंने आपकी बात को एक्सेप्ट किया है।

[श्री नवल किशोर]

महोदया, तीन बातें कह कर खत्म करता हूं। बैंक से कर्जे की जो बात है वह बहुत अच्छी है। मिर्धा साहब, मैं आपसे बड़े काम की बात कह रहा हूं। आपके लोन सीक्योर हों या अनसीक्योर हों, जब तक आप अनसीक्योर लोन्स सीकर सेक्शन्स को नहीं देंगे, तब तक उनकी उन्नति होने वाली नहीं है। हमारे इन भाइयों में तो इनिशियेटिव कम होता है, एंटरप्राइज कम होता है। मैंने अपनी स्टेट में देखा कि कई हरिजन एस्टेट बनें, इन्डस्ट्रीज बनें, लेकिन वहां काम हो नहीं पाया लोगों में प्रोत्साहन देने के लिए आप लोन दें यह मुनासिब चीज है।

मकान की बात एक बहुत बड़ी बात है। आज गांवों में, शहरों में, गन्दी बस्तियों में यह बहुत बड़ी प्राबलम है। मैं मेहता साहब से, जो यहां बैठे हुए हैं, सेंट्रल के हाउसिंग मिनिस्टर हैं, घर देने वाले आदमी है, उनसे रिक्वेस्ट करूंगा कि कम से कम आपने इतनी कालोनियां बनाई हैं—इन्द्रपुरी, रामपुरी, सीता पुरी, इस तरह की कालोनियां बनाई है, आप एक कालोनी हरिजनों के लिए भी बनायें।

संसदीय कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री ओम् मेहता) : नवल पुरी भी बना देंगे।

श्री नवल किशोर : आप उसका नाम हरिजन कालोनी रख दें तो मैं आपका मशकूर हूंगा।

आखिरी बात कह कर खत्म करता हूं। एक चीज है कि जो अफसरान हमारे हों उनको आस्था होनी चाहिए, हमारी स्कीम्स के अन्दर।

श्री नवल किशोर : यह मेरा बड़ा कटु अनुभव है। चाहे खादी की बात लीजिये, उसमें भी यही बात है। शाह साहब, आप गुजरात के रहने वाले हैं। आप मेरी बात सुनिये।

श्री चुनाई शाह (गुजरात) : मैं सुन रहा हूं।

श्री नवल किशोर : जिन को आप खादी का काम देते हैं उनको उसमें रुचि नहीं होती है। आप जिन को हरिजन कल्याण समाज अधिकारी बनाते हैं, वे खुद छुआछूत के शिकार होते हैं। तो इस डिपार्टमेंट को अगर आप को रेस्पेक्टिबिलिटी देनी है तो मैं आपसे दरख्वास्त करूंगा कि आप इनको रिजर्वेशन भी दीजिये, आगे बढ़ाइये, मगर जब तक जनरल लेविल पर ये ऊंचे नहीं उठेंगे तब तक सौ दो सौ आदमियों को क्लास टू और क्लास वन कैडर को सर्विसेज देने से इनका कल्याण होने वाला नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि समाज के हर वर्ग में जागृति पैदा हो और ये समाज का जैसे एक अटूट अंग हैं वैसे ही इनका इंटिग्रेशन हो जाये, अमलगामेशन हो जाये और वह तब होगा जब यह छुआछूत, धर्म कर्म कम हो जाये।

इन शब्दों के साथ मैं मिर्धा साहब से दरख्वास्त करूंगा कि आपने बहुत अच्छे कदम उठाये हैं, लेकिन उनमें और तेजी लाने की कोशिश की जाये। उनकी जो जेनुइन मांगें हैं, वे पूरी की जायें बशर्ते कि एफिशिएंसी और डिसिप्लिन को बनाये रखा जा सके।

श्री बलराम दास (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, बड़ी खुशी की बात है कि आज कमिश्नर की रिपोर्ट पर हम लोग विचार-विमर्श कर रहे हैं। मैं तो ऐसा मानता हूं कि हमने जो गरीबी हटाने का संकल्प लिया है, उसी संकल्प के अन्दर यह एक कार्यक्रम है शैड्यूल्ड कास्ट्स और शैड्यूल्ड ट्राइब्स को आगे बढ़ाने का। कमिश्नर की रिपोर्ट मेरे खयाल से इस बात की रिपोर्ट है कि गरीबी हम कितनी हटा सके हैं और अभी गरीबी कितनी बाकी है। वास्तव में यदि देखा जाये तो जैसा कि अभी नवल किशोर जी ने कहा कि हमारे देश में जितने बिलो पावर्टी लाइन के लोग हैं, उनमें ज्यादा से ज्यादा हरिजन और आदिवासी लोग आते हैं। इसलिये यह जरूरी हो जाता है कि हरिजन आदिवासियों के बारे में हमें जल्दी से जल्दी उन के उत्थान के लिए जो कुछ करना चाहिये, वह हम करें। लेकिन जो हमारे सामने कमिश्नर की रिपोर्ट

है उसके बारे में मैं यह कहूंगा कि जो गरीब हरिजन आदिवासी हैं, उनके बारे में आप देखिये कि सरकार उनको वजीफा कितना देती है । उस वजीफे के सहारे वे लोग अपने बच्चों को प्राइमरी, मिडिल और हाई स्कूल तो पास करा लेते हैं, लेकिन जहां तक कालेज एजूकेशन का सवाल है, पोस्ट मैट्रिक एजूकेशन उन के वश का नहीं होता है । विद्यार्थी की यह तबियत होती है कि मैं आगे पढ़ूं, लेकिन उस के सामने गरीबी का सवाल होता है । मैंने होम मिनिस्ट्री को गत वर्ष कई पत्र लिखे कि पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप का रेट बढ़ा दिया जाये, लेकिन होम मिनिस्ट्री ने कई बार मुझे यही जवाब दिया है कि इस वक्त आर्थिक कठिनाई होने के कारण हम स्कालरशिप का रेट बढ़ाने में असमर्थ हैं । इस के साथ-साथ यह भी लिखा कि आप का जो सुझाव है यह गवर्नमेंट के अंडर कंसीडरेशन है । तो मैं मिर्धा साहब से यह निवेदन करना चाहता हूं कि वे स्वयं सोचें कि जो हरिजन आदिवासी ग्रेजूएट या पोस्ट ग्रेजूएट स्टूडन्ट को 40, 50 रुपये महीने स्कालरशिप मिलता है उस में वह अपनी स्टूडेंट लाइफ कैसे लीड कर सकता है । चालीस पचास रुपया तो खाने के लिये भी नहीं होता है । जिस समय के यह पुराने रेट्स चले आ रहे हैं । उस समय से यदि हम हिसाब लगायें तो आज रुपये की कीमत आठ आने से भी नीचे चली गयी है । आज उस की कीमत 47 नया पैसा रह गयी है । तो आप सोचिये कि जिस विद्यार्थी को चालीस या पचास रुपये मिलते होंगे, आज उस स्कालरशिप की रकम की कीमत केवल बीस या पच्चीस रुपया ही रह गयी है । यह दुःख की बात है । मैं आप को एक सूचना देना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश सरकार ने हायर सेकेन्ड्री क्लास तक दस रुपया हर होस्टिलियर स्टूडेंट के लिये बढ़ा दिया है महंगाई को मद्देनजर रखते हुए । लेकिन जो स्टूडट कालेज में पढ़ते हैं उनकी आज बड़ी बुरी हालत है । किसी प्रकार उन के खाने के लिये हो जाता है तो कपड़े के लिये नहीं हो पाता और कपड़े के लिये हो जाता है तो उन को खाने के लिये नहीं हो पाता। कभी किता नहीं हो पाती और कभी कपड़ा, तो अन्त में इस सब का नतीजा यह होता है कि वह मेंटल फ्रस्ट्रेशन की पोजीशन में अपनी स्टूडेंट लाइफ लीड करते हैं और उनमें से कुछ तो फेल हो जाते हैं और कुछ मुश्किल से थर्ड डिवीजन पास हो कर निकलते हैं और ऐसे स्टूडेंट जब सरकार के सामने किसी नौकरी के लिये जाते हैं तो वे बेचारे कंपीटीशन को पास नहीं कर पाते, इंटरव्यू में पास नहीं हो पाते और इस प्रकार बेचारे दर-दर भटकते हैं । सामाजिक स्थिति हमारे यहां कुछ ऐसी है कि यदि वे किसी प्रकार का नया धंधा शुरू करना चाहते हैं तो कर नहीं पाते, इसलिये कि उनके पास पूंजी नहीं होती । इस के अलावा मैंने कुछ ऐसे स्टूडेंट देखे हैं कि जो बी०ए० या एम० ए० पास हैं और अगर वह चाहते हैं कि वे चाय या पान की दुकान लगायें तो छूआ-छूत की वजह से वे चाय या पान की दुकान भी नहीं लगा पाते और इसलिये उनके पास सिवाय सरकारी नौकरी के अलावा और कोई जरिया नहीं होता । जिसके सहारे वे अपना आगे का जीवन व्यतीत कर सकें । इसलिये मिर्धा साहब से मेरा निवेदन है कि वे पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप के रेट्स जरूर बढ़ायें । यदि वे उनके रेट्स नहीं बढ़ायेंगे तो उन विद्यार्थियों से जो उम्मीद की जाती है, उन से जो पोजीशन और डिवीजन लाने की उम्मीद की जाती है यह पूरी नहीं हो, सकती और उन का विद्यार्थी जीवन भी सुचारु रूप से नहीं चल पाता है ।

इसके अलावा मैं गांव के लोगों के बारे में भी कुछ निवेदन करना चाहता हूं । अभी नवल किशोर जी ने एग्रीकल्चर लेबर के बारे में कहा । वास्तव में एग्रीकल्चर लेबर में यदि आप देखेंगे तो अस्सी या नब्बे प्रतिशत हरिजन और आदिवासी होते हैं। और उनकी यह हालत होती है कि दो रुपये और तीन रुपये रोज की मजदूरी पर उन को मजबूरन किसी जमींदार या किसी बड़े जागीरदार या भूमि-दार के अंडर रह कर मजदूरी या नौकरी करनी पड़ती है । सरकार ने मिनिमन वेजेज ऐक्ट पास किया है, लेकिन उसका इंप्लीमेंटेशन नहीं होता और

[श्री बलराम दास]

यदि कहीं होता भी है तो आज की महंगाई को मद्देनजर रखते हुए मैं समझता हूं कि जो उस में शेड्यूल दिया हुआ है वह प्रैक्टिकल नहीं है। वह आज आउट आफ डेट हो गया है। इसलिये जरूरत इस बात की है कि मिनिमम वेजेज ऐक्ट को रिवाइज किया जाय और रिवाइज करके यह देखा जाय कि वास्तव में उस का इंप्लीमेंटेशन कितना होना चाहिये। वह हो रहा है या नहीं।

मैंने यह देखा है कि एक गांव में चमारों ने यह तय किया कि हम आज से मरे जानवर उठाने का काम नहीं करेंगे। यह उन्होंने तय किया। इसका नतीजा यह हुआ है कि दूसरे दिन से जब वे लोग सुबह काम पर गए तो उन को सब लोगों ने यह जवाब दिया कि भाई तुम लोगों ने यह फैसला किया है कि हम मरे जानवर नहीं उठाएंगे और हम लोगों ने यह फैसला किया है कि अब हम चमारों से काम नहीं कराएंगे, तो मैं कहना चाहता हूं कि आज वे इतनी मजबूरी में गांवों में रह रहे हैं, इतनी गुलामी में उनका जीवन बीत रहा है कि वे अपने जीवन सुधार के लिए, अपने सामाजिक सुधार के लिए, अपने आर्थिक विकास के लिए यदि वे कोई छोटा सा कदम भी उठाना चाहते हैं, तो गांव के लोग उनको हतोत्साहित करते हैं। उनके साथ अनाचार करते हैं, अत्याचार करते हैं। उनके रास्ते बंद करते हैं और नाना प्रकार से उनको सताया जाता है। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि मिनिमम वेज ऐक्ट को रिवाइज किया जाए और उसमें जो रेटस हैं, उसके रेट्स वगैरा अब बढ़ाने की जरूरत है।

लैंड सीलिंग के बारे में हर जगह चर्चा चलती है कि जो सरप्लस लैंड होगी वह हरिजन आदिवासियों को दी जाएगी। लेकिन मेरे खयाल से जो सरप्लस लैंड है उसका ऐक्ट बनते-बनते उसका इतना इल्लीगल ट्रांसफर अभी हुआ है जैसा अभी नवल किशोर जी ने भी कहा कि पहले जो लैंड सीलिंग हुई थी उसका इम्पलीमेन्टेशन मुश्किल हो गया था। यही हालत आज हमें नजर आती है। हमने जो लैंड सीलिंग बिल बनाया है उनका इम्पलीमेन्टेशन होना मुश्किल हो जाएगा। लेकिन ईमानदारी के साथ यदि सरकार यह सोचे कि हम को इसका इम्पलीमेन्टेशन कराना है और जो भूमिहीन गरीब हरिजन आदिवासी हैं उनको हम भूमि जरूर दिलायेंगे और ऐसा निश्चय करके जो सरकारी मशीनरी है, वह सरकारी मशीनरी यह तय करे कि हम इनको पट्टे देंगे, इस जमीन को लीज पर देंगे तो लीज पर देने के साथ-साथ इसका जो कब्जा है, वह कब्जा भी देंगे। यह निश्चय करने की जरूरत है।

तहसीलदार और पटवारी क्या करते है ? तहसील में बैठ कर वह हरिजन आदिवासियों को पट्टा तो दे देते हैं, लेकिन वह यह नहीं देखते कि इस जमीन का कब्जा उस गरीब हरिजन आदिवासी को मिला है या नहीं। जब तक उनको कब्जा नहीं मिलता तब तक मैं समझता हूं कि हमारा जो लैंड अलाटमेंट प्रोग्राम है वह सफल नहीं होगा और जिस तरह पहले हुआ है वही अब भी होगा।

इसके साथ-साथ इस प्रोग्राम में पुलिस की मदद की भी जरूरत है। जैसे उसने जमीन को जोता, बोया, फसल तैयार की, लेकिन जब फसल पक कर खड़ी हो गई तो हमें यह देखने को मिलता है कि गांवों में उसकी खड़ी फसल को दूसरे लोग जबर्दस्त अपनी लाठी, डंडे और बन्दूक की ताकत से उस जमीन की फसल को काट लेते है और वह बेचारा हरिजन आदिवासी ऐसे ही रह जाता है, उसको कुछ नहीं मिलता। जब वह पुलिस में रिपोर्ट करने के लिये जाता है तो पुलिस ऐक्शन लेने की बजाय उसकी रिपोर्ट तक नहीं लिखती। मैंने तो यह देखा है कि पुलिस स्टेशन पर जो कांस्टेबल वगैरा होता है वह उस हरिजन आदिवासी से कहता है कि पहले तुम यह बताओ कि तुम्हें पांच रुपये वाली रिपोर्ट लिखवानी है या 10 रुपये वाली लिखवानी है। तुम्हें 50 रुपये वाली रिपोर्ट लिखवानी है या 100 रुपये वाली लिखवानी है। उसके पास जब उस समय पैसा नहीं होता तो वह अपनी रिपोर्ट भी दर्ज नहीं करा सकता है। यह स्थिति है। इसलिये मेरा शासन से, मिश्रा जी से और

दीक्षित जी से यह निवेदन है कि जब तक उनको पुलिस का प्रोटेक्शन नहीं दिया जायेगा, तब तक वे आर्थिक रूप से स्वतन्त्र भी हो जायें, तब भी वह सुरक्षित नहीं रह सकते । इसलिये मेरा शासन से यह निवेदन है कि जो भूमिहीन हैं उनको जमीन देने के साथ-साथ यह भी एक फालो-अप प्रोग्राम के रूप में देखना चाहिये कि आया वे उस जमीन के ऊपर खेती-बारी कर रहे हैं या नहीं कर रहे हैं या उनको किसी प्रकार की परेशानी है या नहीं है । इसलिये मेरा आपसे यह निवेदन है कि तभी इसका सही मायनों में इम्पलीमेंटेशन होगा ।

इसके अलावा एट्रासिटीज के बारे में आज हिन्दुस्तान भर में चर्चा है, उनके साथ बड़ी ज्यादती हो रही है, अत्याचार हो रहा है, अनाचार हो रहा है, लेकिन इसमें सब से बड़ी चीज यह है कि पुलिस की जितनी मदद उनको मिलनी चाहिये, वह नहीं मिल रही है । जैसा कि मध्य प्रदेश में हुआ कि मध्य प्रदेश में अभी डाकुओं ने सरेन्डर किया, उनका दिल बदला, हृदय परिवर्तन हुआ, उसी तरह जो स्वर्ण वर्ग है उसके हृदय परिवर्तन की जरूरत है । जैसा कि डाकुओं के बारे में सोचा जाता था, यह मान्यता थी कि ये समाज के शोषक हैं, ये समाज के लोगों को परेशान करते हैं, ज्यादती करते हैं, उसी तरह स्वर्ण वर्ग के बारे में है जो कि गरीब हरिजन आदिवासियों को परेशान करते हैं, तो उनका हृदय परिवर्तन भी उन डाकुओं की तरह हो और उनको भी समाज में लोग डाकू मानें, यह माने कि यह गरीबों को सताने वाले डाकू हैं, इनसे हम लोग नफरत करें और उन लोगों को उसी प्रकार से सजा दी जाय जिस प्रकार कि डाकुओं को दी जाती है लेकिन अफसोस की बात यह है कि हमारे लोग ऐसे लोगों की और हिमायत करते हैं और उन लोगों की मदद करते हैं । यह हमारे समाज के लिये बड़े शर्म की बात है ।

(*Time bell rings*)

महोदया, घंटी बज गई है, अब मैं एक प्वाइंट और कहूंगा । सफाई कामगारों के बारे में, जो म्युनिसिपैलिटीज और कारपोरेशन में संडास की सफाई का काम करते हैं, उनके बारे में मैं कहना चाहता हू । हमारा आजादी के 26 वर्ष पूरे हो चुके, लेकिन हमारे लिये बड़े शर्म की बात है कि आज भी हमारी गरीब बहनें और भाई अपने सिर के ऊपर मल-मूत्र की टोकरी और बाल्टी लेकर सड़कों से गुजरती हैं और मजबूरन उन्हें यह काम अपना पेट पालने के लिये करना पड़ता है । तो शासन से मेरा यह निवेदन है कि जैसा कि मलकानी कमेटी ने इस बारे में अपनी रिपोर्ट दी थी कि यह मल-मूत्र की जो ढुलाई सिर के ऊपर हमारी बहनें या भाई करते हैं, यह बन्द होनी चाहिये । उनकी सिफारिशों को हम जितनी जल्दी से जल्दी अमल में ला सकें वह उपयुक्त होगा और हमारे लिये एक बड़ी शान की और एक बहुत बड़ी बात होगी ।

इतना कह कर मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAV): Dr. Z. A. Ahmad. Not here. Yes, Shri Sanat Kumar Raha.

SHRI SANAT KUMAR RAHA (West Bengal),: Madam Vice-Chairman, now we are discussing the Report of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes. This is the Twentieth Report. But the tragedy in our life is this that this Report which we are discussing now is not known to the Harijans at large. The Harijans do not know what the Constitution means for them, whether there is any Directive Principle for them or whether this Report will be to their benefit. 4 P.M.

SHRI B. T. IKEMPARAJ (Tamil Nadu): On a point of order. Mr. Raha should amend his statement that the Harijans do not know what the Constitution contains for them . . .

{Interruptions)

SHRI SANAT KUMAR RAHA: Harijans do not know this. The majority of them do not know what is there for them

[Shri B. T. Kamparaj]

in the Constitution. It is quite clear (hat the Harijans and the Scheduled Castes and the untouchable do not know whether the Constitution has given them some rights or not. We are discussing an exercise in futile. Year after year we are getting reports. Year after year, so many people in the august House are talking about the Harijans and untouchables. But the problem remains as it is. Our hon. friend, Mr. Man Singh Varma, said that this is not a question of politics. Sir, in my knowledge, in my experience, in my life, I know that on the one hand they are taken as have-nots, on the other they arc taken as sub-human—as sub-human race in the world. We have got one-fifth of sub-human population, that is, 13 crores. Even after 26 years of independence, these things are not known to the Harijans. What does this Report say ? I would like to quote from the Report.. I have gone through all the details of the Report, page by page. Every report says some very good things. But it is a matter of implementation. Is there any scheduled time for implementation? No. Can you give any promise ? They want democracj'. They want socialism. These are all slogans. Out of this political philosophy come ths removal of untouchability, removal of illiteracy, removal of vested interests—all these are connected together. So, politically, economically, socially and sociologically, I think, there must be one philosophy. There should be a society, there should be a system, which should be free from exploitation of man by man. This is my philosophy.

They, Sir, I came to some questions relating to the Reports which have been made for the implementation by the Government.

The Report has made a general review. The Report says that lack of sense of urgency is there. This will, political will, must come from the Government—this determined will to eradicate untouchability, to eradicate this blot, this stigma on our society, on our nation, which keeps 13 crores of our population as sub-human, neglected slaves and bonded labour.

Sir, I quote from the Report, Chapter I—'A General Review':

"Now that we are at the threshold of the Silver Jublee Year of our Independence, it is high time that we looked at the balance sheet of our socio-economic achievements and find out if we had been able, as envisaged in our Constitution, to guarantee individually as well as collectively, fruits of democracy to all citizens of India, particularly to those belonging to Weaker sections of the society—the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes who have, for long, been socially suppressed and economically exploited ..."

This is how it starts. Is this indicative of the determination of the Government ? ls the Government determined to that extent ? There is doubt. I must say that within 10 years the Government should be determined and do its utmost to eradicate untouchability from the society. There is no magic wand which can remove untouchability. We are carrying forward centuries' old legacy and tradition. It was introduced by the vested ruling party at that time.

Again, this review says that the State shall promote with special care, the educational and economic interests of the weaker sections of the people and particularly the Scheduled Castes and Scheduled Tribes and shall protect them from all social injustice and exploitation. This is the directive principle. You should send your party men to the villages and we shall send our party men to propagate this ideal of the Directive Principle of the Constitution. After 26 years of Independence, we are keeping mum. We have no imagination to uplift the Harijans. The first part of the report says that we must have determination and will to start an agitation. The Harijans must fight for their rights as a class. It should not be a gift, or bonus or charity or dole.

Then 1 come to page 19 of the report, quote, "The Supreme Court judgment makes it amply clear that the intention of the Constitution makers was to make adequate safeguards for the advancement of the backward classes and to secure for them adequate representation at all stages. ! If this safeguard is to be implemented in full, there should be no hesitation on the J part of the Government to go forward whole-heartedly and not half-heartedly with insufficient measures." I, therefore, reiterate that the principles of reservation must be accepted in all sincerity and that it should extended to cover cases of promotion to Class II and Class 1 posts also. What Supreme Court says; "We have every apprehension, every doubt, that the Government machinery is not functioning to the satisfaction of these directive principles." This is rather a structure from the Supreme Court.

I request that these recommendation of the Commissioner should be implemented by a tirne-bound programme. I would request the Minister to make a determined effort so that the implementation is achieved within a particular time. The implementation can be realised if there is determination. If there is no determination, there will be no implementation.

Then, there is a recommendation at page 14 about hostel facilities. Fifty per cent money should come from the Government and another fifty per cent from the voluntary organisations. I do not know whether this can be implemented, in order to provide all the facilities in each State in order to bring them at par with the urban students. Sir, I have already stated about the principle of reservation. The Government machinery should be alert regarding these reservations. Then, take the cases of de-reservation by the Planning Commission. The Department of Personnel issues orders to comply with the orders for reservations. There was a dispute between the Personnel Department and the Planning Commission. Ultimately, it has gone to the Commission. The Commission says that whichever circular has been issued by the Government should be implemented. And the Planning Commission sometimes recommended de-reservation. That sort of thing should not happen again.

Sir, this very Government is bringing out every year a good report for the upliftment of Harijans and tribal people. What is their performance ? The Scheduled Castes represent only 2.7 per cent in the case of Class I Officers, 4.41 per cent in the case of Class II, and 10 per cent in the case of Class J II. Then we come io the Public Undertakings. I have calculated the percentages. In the Public Undertakings, the representation is less than one per cent in class I, it is also less than one per cent in the case of Class II, and less than 7 per cent in Class III. This is the performance of Public Undertakings. As regards the Railways, their representation is 3.8 per cent in Class I, 3 per cent in Class II, and 8 per cent in Class III. If these Public Undertakings and the Railways, who are under the Government itself, do not consistently implement the Government's policies and the constitutional directives, what else can we expect from Private Undertakings ? I think, first and foremost, the Government must have a determined will to implement the recommendations of the Report in toto. In another year, there will be another report, and we are getting every year proto type copies. What is needed is implementation. 'Implementation today' should be the slogan for the Government. They should implement the recommendations of the Commissioner.

[Mr. Deputy Chairman In the Chair]

Sir, lastly I Come to the special training facilities. Why should the Harijans alone do the scavenging work ? Why should it not be done by other people ? Similarly, why not the Harijans be given proper training so that they can go to other professions, other than scavenging and dirty and unclear works ?

[Shri B. T. Kamparaj.]

Sir, there should be some time limit or target for implementation of the programmes. One should be longterm and the other short-term. Each State can have its own target and short-term programme achieve it in a year. Each block and district can have their targets and get them implemented. I want that there should be a special machinery from Centre to the village level. That machinery should be organised in such a way that there must be Teports from the village to the Centre so that these can be implemented by this machinery. They should organise their activities in such a way that they come into contract with Harijans people and know their experiences. Accordingly, these programmes will be implemented in each village with village people.

Sir, what do we see in India today 1 Only five States have got 50 per cent of this sub-human population. Out of 13 crores, you will find more than 7 crores in five States, the people who are called untouchables. In Uttar Pradesh there are ready 2 crores, in Madhya Pradesh nearly ! 150 lakhs, i.e.. 1.5 crores, in Bihar 1.28 crores, in West Bengal 1.13 crores, in Orissa 83 lakhs and in Tamil Nadu 76 lakhs. So. we have five States in India where a majority of this sub-human community is living. Government should have the practical sense of improving the conditions of these classes. Our efforts should be centralised in those areas where their population is thickly congested. About a year back in the Rajya Sabha it was reported by the hon. Minister Mirdha-saheb that more than 1100 cases of murder happened during 1967 to 1969.

Sir, there are many cases. I shall state some case. The Report says that there have been 1800 landless people. Out of these 1800 landless families have been given land, of whom the number of Scheduled Castes was only 338. About 73 per cent Harijans work on land. All of them are very poor. All these people are not getting sufficient land for their home-sites as well as for their cultivation. Whichever land is given by Government allotment, it is grabbed by the vested class of the local village people. These vested interests want to see that these poor people have no other means of livelihood than bonded labour. This ts how the things go on.

Some other cases are also there. I shall not quote many because time is short. There are many cases under the Criminal Procedure Code but only a few of them go to the court. Out of lakhs and thousands of cases only a few cases go to the courts. Even when these few cases are taken to the courts, the vested interests threaten these people and enter into some compromise agreements which favour them
and not these downtrodden people.

I say land is not reaching these people. Justice is also not reaching these people. Economic benefits are not reaching these people. They do not know what are their constitutional benefits and what are the benefits provided to them under the Directive Principles. Machinery of publicity should be wide enough to reach the people at large. The Ali India Radio should have a programme feature for enlightening and educating these people in the villages. In every village you have some transistor radio. So, these people can listen to these things. I would request Government that every month or even every week they can have some talk broadcast over the AU India Radio for these people, so that they can have some inspiration so that they can organise themselves and so that they can assert their own rights for the future which future they are ordained to build for themselves and other peoples in peace and amity.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We will sit today till 5.30 p.m. because there are a large number of speakers.

SHRl N. JOSEPH (Andhra Pradesh!: Sir, the Commission has submitted its

Report on Scheduled Castes and Scheduled Tribes 1970-71 and we are discussing this Report in this House. Our Constitution has sanctioned special privileges for the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. They have been in force for the last 23 years. Our Government, our leaders and ali the people have been doing I heir best to see that these Scheduled Castes and Scheduled Tribes are brought in line with the other forward communities in the countiy. Not only the Constitution has sanctioned some of these special privileges but the leaders of the country have been frequently advising the people to put these special privileges in practice. Our Prime Minister, Shrimati Indira Gandhi has been often warning and appealing to the people to hsip these Scheduled Castes nnd Scheduled Tribes and bring them on a par with the other communities. In spite of all these, in spite of the special privileges, in spite of the laws and other things no satisfactory progress has been made in implementing these. Where does the mistake lie? We find that the mistake lies in the implementation only. Why implementation is nol done strictly is because the country is addicted to ihe caste system, because the bureaucracy and the machinery which is in power—which is the main organ to put all these things into practice is imbibed with the caste system, imbibed with ill feelings of caste, this implementation could not prove a success. Therefore, unless and until stringent measures are taken against the bureaucracy or the machinery if it fails to see that all the laws and special privileges are put into force strictly, nothing can help these Scheduled Castes and Scheduled Tribes. That is my conviction and that is the main point to consider about Scheduled Castes and Schednled Tribes.

Sir, we have been discussing about the defects in implementation. What are the reasons ? Why are the people not co-operating? Because we did not get our independence by revolution. We got our independence by evolution, by a new method of Satyagraha and non-violence. So we could not remove those bureaucrats who prosecuted our leaders and satyagrahis, who killed them, persecuted them and put them in jail, were kept intact in the Government machinery and those people are allowed to rule the country. The progeny of those people is continuing today also and we cannot expect much from them and, therefore, our implementation is an utter failure.

Sir. for all these things the casfe system is the main basis. The caste system has been running in India for centuries and caste system is associated with professions and ' the caste system has been given religious sanction in our country. Of course, we could not do much about it because of religious sanctions. However, in spile of holy sanctions by religion, our leaders have been fighting against the system. Even Mahatma Gandhi fought against these things. Though he was pure in religion and in spirit he fought against this system. In spite of that we could not go forward because the caste system is imbibed in the minds of the people and in the minds of the rulers of this countiy.

After independence, Sir, a new caste system has arisen and that is the caste election system. In each election, each party selects a candidate in such a constituency where a particular community is dominating. No party is an exception to this. And that candidate, unless he appeals on the basis of caste, will not succeed. In an indirect way the caste system has been increasing after independence. We have been seeing Harijans and others being harassed, not because of the caste system that is inherent in our people and our country but because of the new caste system for election purposes. Where those Harijans were voting against the rich candidates and the rich parties, those people were being harassed, being killed. And even today that is what we see during elections anywhere in the country.

[Shri N. Joseph.]

We have been appealing to the people of the basis of the caste system. The Government is there to take action against people who are going to corrupt people by money, hut where is prohibition of candidates appealing on the basis of the caste sysiem ? Nothing has been done, no rule is there. Unless these things are done away wilh in Ihe country, the Scheduled Castes and Scheduled Tribes cannot be brought into line with other people. I am afraid. Sir. there is a lot of things to do to bring up the Scheduled Castes. Merely helping them in education, merely giving them scholarship, merely giving them jobs would not do; unless and until we implement the land ceilings and urban ceilings and distribute the excess land to agricultural labour, to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes no Government can succeed in bringing them up to the level of other people. Untouchability cannot be removed unless they are economically brought up to the level of others. You should not only uplift them economically but also remove the social stigma. And if you want to remove this social stigma and other things the leaders of all the parties should together find a solution and they should take up an aggressive propaganda among the people to do away with the caste system and untouchability. No law can help to remove untouchability, this social stigma, poverty and all these things. I would therefore appeal to the leaders of all the parties to come together and find out a solution but not to blame the party in power alone. It is no use blaming them. It is not only the Congress Party or the ruling party that can do these things. The leaders of all the parties in the country together should fight against this evil, this permanent evil of the country. Then only there can be salvation for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

Sir, our country is committed to secularism and socialism. Not only our country is committed but the leaders of our country are all committed and they have been trying their best to see that these ideas are pat into practice*. What is secularism? Secularism means no individual can be discriminated in any way merely because of his religion. That is secularism. But unfortunately in our country a section of one caste is eliminated and denied alt privileges because they accepted a different religion. Because a section of the Harijan community accepted the Christian religion they are being denied all the special privileges available to their Harijan brethren. They live along with the Scheduled Castes in the same cheri, they are being buried in the same graveyard when they die, they are undergoing the same poverty, the same ignorance, the same illiteracy but in spite of all this these people are denied all privileges simply because they accepted Christianity. Is that justified in a country like India to discriminate against such people? Our country, India, is famous for its spirit of toleration; in the whole world there is no other country where there is so much of toleration and in such a country this is the discrimination practised against a section cf the people. Why should it be so ? Why this religious fanatacism ? AU through his life the Mahatma fought against such religious fanatacism and it is known to the whole world. Why should some people say that Chistianilv is not a religion of Bharat? Is not Christianity a Bharat religion? Long before others Christians were existing in Kerala from first century A.D. If that is so, how can that not be a Bharat religion? Before Aryans came to India the present religions were not there. Just as Hindu religion came to be established Christianity also has been here since a long time; so let us not be bothered about it. These are all purely spiritual questions which have nothing to do with politics. Let us not bring them into the political arena. If it is brought into the political arena we will only be doing harm to our own country. One section of the community should not be eliminated on the basis of religion. Therefore, I appeal to our Home Minister, Mr. Dikshit, and Mr. Mirdha and I

